# तेरी दया से दादा, मेरा काम हो रहा हैं

दादा, मेरे दादा, मेरे दादा, दादा,
तुमसे जन्मो का हैं मेरा ये नाता..

तेरी दया से दादा, मेरा काम हो रहा हैं,
करता हैं तु प्रभुवर, मेरा नाम हो रहा हैं,
तेरी दया से दादा, मेरा काम हो रहा हैं ॥

मांझी नहीं हैं फिर भी, पतवार चल रही हैं,
तेरे इशारे पर ये, मेरी नांव चल रही हैं ।
ये देख के जमाना, हैरान हो रहा है,
करता हैं तु प्रभुवर, मेरा नाम हो रहा हैं,
तेरी दया से दादा, मेरा काम हो रहा हैं ॥

चलता नहीं हुं फिर भी, मंजिल के पास हुं मैं,
कहते हो तुम प्रभु कि, तेरे आस-पास हुं मैं ।
तेरी दया से तेरा सेवक, मशहूर हो रहा हैं,
करता हैं तु प्रभुवर, मेरा नाम हो रहा हैं,
तेरी दया से दादा, मेरा काम हो रहा हैं ॥

दादा, मेरे दादा, मेरे दादा, दादा,
तुमसे जन्मो का हैं मेरा ये नाता..

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2278/title/teri-daya-se-dada--mera-kaam-ho-raha-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |